8	तृतीय कालांश	9.30 बजे से 10:10 बजे तक (40 मिनट)	10:30 बजे से 11:10 बजे तक (40 मिनट)
9	चतुर्थ कालांश	10:10 बजे से 10.50 बजे तक (40 मिनट)	11.10 बजे से 11:50 बजे तक (40 मिनट)
10	मध्यान्तर	10:50 बजे से 11:15 बजे तक (25 मिनट)	11:50 बजे से 12:15 बजे तक (25 मिनट)
11	पंचम कालांश	11:15 बजे से 11:55 बजे तक (40 मिनट)	12:15 बजे से 12:55 बजे तक (40 मिनट)
12	षष्ठम कालांश	11:55 बजे से 12:35 बजे तक (40 मिनट)	12:55 बजे से 01:35 बजे तक (40 मिनट)
13	सप्तम कालांश	12:35 बजे से 01:10 बजे तक (35 मिनट)	01:35 बजे से 02:10 बजे तक (35 मिनट)
14	अष्टम कालांश	01:10 बजे से 01:45 बजे तक (35 मिनट)	02:10 बजे से 02:45 बजे तक (35 मिनट)

नोट– शैक्षिक गुणवत्ता के लिए मुख्य विषयों के लिए शिक्षण का कार्य यथासम्भव प्रथम 06 कालांश में निर्धारित किया जाए। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सहशैक्षिक गतिविधियों यथा खेलकूद, वाद–विवाद प्रतियोगिता, भाषण, निबन्ध–लेखन इत्यादि पर विशेष ध्यान दिया जाए।

1. 01 जुलाई 2015 से सभी विद्यालय यथासंभव एक पारी में चलाए जाएंगे। यदि विद्यालय वर्तमान में दो पारी में चल रहे हैं तथा विद्यालय की परिस्थितियां 1 जुलाई, 2015 के आगे भी दो पारी/आंशिक दो पारी में चलाना हो, तो संस्था प्रधान पर्याप्त औचित्य के साथ प्रस्ताव सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक/माध्यमिक) को प्रस्तुत करेंगे तथा जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक/माध्यमिक) औचित्य की जांच कर अपनी स्पष्ट अनुशंसा सहित जिले के समेकित प्रस्ताव मण्डल उपनिदेशक को 15 जुलाई–2015 तक प्रेषित करेंगे तथा मण्डल उपनिदेशक मण्डल के समेकित प्रस्तावों को 31 जुलाई–2015 तक निदेशालय (प्रारम्भिक/माध्यमिक) को प्रेषित करेंगे। संबंधित मण्डल उपनिदेशक निदेशालय (प्रारम्भिक/माध्यमिक) से स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात ही विद्यालय को दो पारी में चलाने की स्वीकृति प्रदान करेंगे।

2. दो पारी में संचालित विद्यालयों का समय–

क्र.सं.	अवधि	शाला संचालन का समय
1	01 अप्रैल से 30 सितम्बर तक	प्रातः 7.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक (प्रत्येक पारी 5.30 घंटे)
2	01 अक्टूबर से 31 मार्च तक	प्रातः 7.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक (प्रत्येक पारी 5.00 घंटे)

3. दो पारी विद्यालय (माध्यमिक/उच्च माध्यमिक) के संस्था प्रधान का समय प्रातः 10.00 से सायं 5.00 बजे तक रहेगा। वे अपने स्तर पर स्वेच्छा से इसमें कोई भी परिवर्तन नहीं करेंगे। 4. सत्रारंभ से स्थानीय वार्षिक परीक्षा प्रारंभ होने तक प्रतिदिन 20 मिनट "विद्यालय प्रसारण कार्यक्रम" विद्यालयी कार्य दिवस को प्रसारित किया जाएगा। इसके लिए उपयुक्त समय का निर्धारण शैक्षिक प्रौद्योगिकी विभाग, अजमेर द्वारा आकाशवाणी के अधिकारियों के साथ विचार–विमर्श कर किया जाएगा। 5. एस.आई.ई.आर.टी., उदयपुर तथा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर द्वारा प्रत्येक कक्षा हेतु पुस्तकालय कालांश का निर्धारण किया गया है। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक छात्र/छात्रा पुस्तकालय सुविधा से लाभान्वित हो। 6. पाठ्यक्रम विभाजन पुस्तिका के अनुसार प्रारम्भिक योजना तैयार कर सभी विद्यालय में शिक्षण कार्य कराया जाए। 7. राजकीय माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों के भवनों में संचालित राजकीय माध्यमिक विद्यालय/माध्यमिक कक्षाएं एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय/प्राथमिक कक्षाएं निम्नलिखित व्यवस्थानुसार संचालित की जाए :–

1.	उच्च माध्यमिक विद्यालय (कक्षा 1 से 12)	(दो पारी)	प्रथम पारी कक्षा 09 से 12 द्वितीय पारी कक्षा 01 से 08
2.	उच्च माध्यमिक विद्यालय (कक्षा 6 से 12)	(दो पारी)	प्रथम पारी कक्षा 9 से 12 द्वितीय पारी कक्षा 6 से 8
3.	उच्च माध्यमिक विद्यालय (कक्षा 9 से 12)	(दो पारी)	प्रथम पारी कक्षा 11 एवं 12 द्वितीय पारी कक्षा 9 एवं 10
4.	माध्यमिक विद्यालय (कक्षा 01 से 10)	(दो पारी)	प्रथम पारी कक्षा 6 से 10 द्वितीय पारी कक्षा 1 से 5
5.	माध्यमिक विद्यालय (कक्षा 6 से 10)	(दो पारी)	प्रथम पारी कक्षा 9 से 10 द्वितीय पारी कक्षा 6 से 8

यदि एक ही शाला परिसर में दो विद्यालय संचालित हो तथा दो पारी में संचालन की स्वीकृति प्राप्त हो, तो माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रथम पारी में तथा प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय द्वितीय पारी में संचालित होंगे। समन्वित विद्यालय, जो दो या दो से अधिक परिसर में संचालित हैं, तो उक्त विद्यालय की समान स्तर की समस्त कक्षाएं एक ही समय में (समान पारी में) संचालित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक/माध्यमिक अपने स्तर पर इस व्यवस्था में कोई परिवर्तन नहीं करेंगे।

सहशैक्षिक गतिविधियां– 1. समस्त सहशैक्षिक गतिविधियों का आयोजन प्रसारित आदेशों के अनुसार किया जाए। 2. विद्यार्थियों हेतु **प्रत्येक शनिवार को बाल सभा** का आयोजन किया जाए। बाल सभा में बच्चों को बाल संरक्षण मुददों पर बाल चलचित्र पिक्चर प्रतियोगिता कार्यक्रम, प्रस्तुतिकरण आदि के माध्यम से उनमें बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण के संबंध में जागरुकता उत्पन्न की जाए। इसी प्रकार बाल सभा एवं उत्सव आयोजन के अवसर पर स्कूल द्वारा स्थानीय क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों, जो उसी विद्यालय से पढ़कर महत्वपूर्ण पदों पर पदस्थापित हैं, को बुलाकर उनसे संबोधन कराया जावे एवं अभिलेख भी संधारित किया जाए। 3. सभी विद्यालय वार्षिक उत्सव 30 नवम्बर, 2015 तक मनाएंगे। विद्यालयों को अपनी प्रतियोगिताएं/एसयूपीडब्ल्यू शिविर/वार्षिक उत्सव सहित अन्य गतिविधियां यथा उत्कृष्ट उपलब्धि प्रदान करने वाले संस्था प्रधान/शिक्षक एवं विद्यार्थियों को पुरस्कार इत्यादि इससे पूर्व समयावधि में समाप्त करनी होगी। यदि अपरिहार्य परिस्थितियों में 30 नवम्बर, 2015 तक वार्षिक उत्सव नहीं मनाया जा सके, तो सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी से अनुमति प्राप्त कर बाद में भी मनाया जा सकता है। इसके बाद मात्र उच्चतम कक्षाओं के संक्षिप्त विदाई समारोह आयोजित किए जाएं। 4. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान द्वारा संचालित विद्यालय आधारित मूल्यांकन योजना के अन्तर्गत कक्षा 9 एवं 10 के लिए विद्यालय में संचालित साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रवृत्तियों में से एक प्रवृत्ति में प्रत्येक विद्यार्थी को भाग लेना अनिवार्य होगा एवं स्वास्थ्य एवं शारीरिक विकास हेतु सुविधानुसार आयोजित प्रवृतियों में से प्रत्येक विद्यार्थी को कम से कम दो प्रवृत्तियों में भाग लेना अनिवार्य होगा। 5. प्रत्येक राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षक–अभिभावक संघ की बैठक माह के अंतिम कार्य दिवस को प्रातः 9.00 से 10.00 बजे तक आयोजित की जाए। इसी प्रकार एस.एम.सी./एस.डी.एम.सी. की साधारण सभा/कार्यकारिणी समिति की बैठक विधान में वर्णितानुसार अन्तराल में आवश्यक रूप से आयोजित की जाए। 6. प्रत्येक राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक–अभिभावक संघ की त्रैमासिक बैठक उक्तानुसार आयोजित की जाए। रा.प्रा.वि. व रा.उ.प्रा.वि. में एसएमसी की कार्यकारिणी समिति की बैठक प्रतिमाह आयोजित की जाए।

शिक्षण तंत्र का प्रबोधन एवं प्रबन्धन– एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली के अन्तर्गत 30 सितम्बर के आधार पर जिले के राजकीय/केन्द्रीय/निजी आदि समस्त विद्यालयों, जिनमें कक्षा 1–12 तक के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, शैक्षिक नियोजन की दृष्टि से उनकी विभिन्न सूचनाएं, यथा विद्यार्थियों/शिक्षकों/विद्यालयों की श्रेणीवार संख्या आदि संकलित की जाए। सभी शिक्षक/संस्था प्रधान यू–डाइस सूचना संकलन प्रपत्र की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करें।

उत्सव एवं अवकाश– 1. प्रत्येक माह में अंकित उत्सव अनिवार्यतः मनाए जाए। 2. उत्सव के दिन रविवार/स्वीकृत अवकाश हो, तो उसे एक दिन पहले/बाद में मनाया जाए। 3. उत्सव के दिन निर्धारित आठ कालांश में शिक्षण कार्य हो एवं प्रत्येक कालांश में से 5–5 मिनट घटाकर शेष रहे समय में उत्सव मनाया जाए। 4. 15 अगस्त तथा 26 जनवरी को पूर्ण अवकाश होते हुए भी उत्सव मनाया जाना अनिवार्य है। शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की स्वयं के विद्यालय में उपस्थिति अनिवार्य है। मध्यावधि अवकाश, शीतकालीन अवकाश तथा ग्रीष्मावकाश में विद्यालयों के मंत्रालयिक कर्मचारी केवल राजपत्रित अवकाश का ही उपभोग करेंगे। 5. प्रत्येक संस्था प्रधान इस पंचांग में निर्दिष्ट अवकाशों के अतिरिक्त सत्र में दो दिवसों का अवकाश घोषित कर सकते हैं, जिनमें से एक दीपावली से पहले एवं दूसरा दीपावली के बाद किया जाए। संस्था प्रधान इसकी सूचना 31 जुलाई, 2015 से पूर्व नियन्त्रण अधिकारी को भेजें। अवकाश हेतु दिवसों का चयन करते समय यह ध्यान रखा जाए कि महत्वपूर्ण विद्यालयी कार्यक्रम अप्रभावित रहें। 6. जिला कलक्टर द्वारा घोषित अवकाश सम्बन्धित जिले के विद्यालय में मान्य होंगे।

मूल्यांकन एवं परीक्षा– 1. समस्त कक्षाओं की परख, अर्द्धवार्षिक, वार्षिक परीक्षा एवं पूरक परीक्षाएं (कक्षा 10 एवं 12 को छोड़कर) इस पंचांग के अनुसार सम्पन्न की जाए तथा परीक्षा परिणामों की घोषणा तथा विद्यार्थियों को प्रगति पत्रों का वितरण 31 मार्च, 2016 तक किया जाए। 2. परख अवधि में शाला समय से पूर्व विद्यार्थियों को अगले दिवस परख की तैयारी हेतु छोड़ा जा सकता है, लेकिन कर्मचारी पूरे समय तक उपस्थित रहेंगे। 3. सभी स्तर के विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक एवं वार्षिक परीक्षा के लिए क्रमशः एक तथा दो दिवसों का परीक्षा तैयारी अवकाश रहेगा। इन दिनों में विद्यालय खुलेंगे और अध्यापक एवं मंत्रालयिक कर्मचारी परीक्षा के अभिलेख तथा व्यवस्था संबंधित कार्य पूर्ण करेंगे। इस प्रकार का अवकाश रविवार अथवा अन्य राजपत्रित अवकाश छोड़कर किया जाए। 4. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर द्वारा आयोज्य कक्षा 10 एवं 12 की परीक्षा में प्रविष्ट होने वाले विद्यार्थियों हेतु 14 दिवस का परीक्षा पूर्व तैयारी अवकाश रहेगा। प्रथम सात दिवस में विद्यार्थियों हेतु विशेष कक्षाओं का आयोजन इस ढंग से किया जाए कि उनकी परीक्षा में अधिकतम शैक्षिक उपलब्धि हो। 5. इस सत्र से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर की सैद्धान्तिक परीक्षाओं के साथ ही कक्षा 1 से 8, 9 एवं 11 के लिए गृह परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा और परीक्षा परिणाम की घोषणा 31 मार्च, 2016 तक अनिवार्य रूप से कर दी जाए। 6. सीसीई संचालित विद्यालयों में पारम्परिक प्रक्रिया से मूल्यांकन न होकर सतत एवं व्यापक मूल्यांकन प्रक्रिया से ही मूल्यांकन किया जाएगा।

पूरक परीक्षा– माध्यमिक शिक्षा के अधीन कक्षा 9 एवं 11 की पूरक परीक्षाओं का आयोजन 27 से 29 अप्रैल, 2016 तक पूर्ण कर लिया जाए। परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल, 2016 तक घोषित कर प्रगति पत्र वितरण कर दिए जाए।

शिक्षा विभाग, राजस्थान

पंचांग 2015-16

राजस्थान की प्रारम्भिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा के समस्त राजकीय, मान्यता प्राप्त गैर सरकारी/CBSE/CISCE से सम्बद्ध विद्यालयों/अनाथ बच्चों हेतु संचालित आवासीय विद्यालयों/विशेष प्रशिक्षण शिविरों एवं शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालयों के लिए सत्र 2015–2016 का यह शिविरा पंचांग प्रस्तुत है। इसके अनुसार ही सत्रपर्यन्त विद्यालयी कार्यक्रम, अवकाश, परीक्षा, खेलकूद प्रतियोगिता आदि का आयोजन अनिवार्य है। किसी विशेष अवसर अथवा कार्यक्रम पर यदि किसी संस्था प्रधान को कोई परिवर्तन करने की आवश्यकता हो, तो वह परिवर्तन सम्बन्धी निवेदन अपने क्षेत्र के जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक/माध्यमिक) को प्रस्तुत करे। जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक/माध्यमिक) मांग के औचित्य की जांच करेंगे तथा उनकी अनुशंसा पर निदेशक, प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर की स्वीकृति के बाद ही संस्था प्रधान द्वारा परिवर्तन किया जा सकेगा।

सामान्य निर्देश– 1 शिक्षण सत्र 2015–2016 दिनांक 26 जून, 2015 से आरम्भ है तथा सामान्य प्रवेश प्रक्रिया भी 26 जून, 2015 से तथा शिक्षण कार्य 01 जुलाई, 2015 से आरम्भ है। 26 जून से 30 जून, 2015 की अवधि में संस्था प्रधान व विद्यालय स्टाफ विद्यालय में उपस्थित रहकर प्रवेश संबंधी कार्य व विद्यालय की वार्षिक/मासिक कार्य योजना तैयार करेंगे। 2. प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2015 रहेगी। **(माध्यमिक कक्षाओं हेतु)** 3. मध्यावधि अवकाश 06 नवम्बर से 17 नवम्बर, 2015 तक रहेगा। 4. शीतकालीन अवकाश 24 दिसम्बर, 2015 से 10 जनवरी, 2016 तक रहेगा। 5. ग्रीष्मावकाश 13 मई, 2016 से 21 जून, 2016 तक रहेगा। 6. केन्द्र सरकार द्वारा समस्त राष्ट्र के लिए रेडियो/दूरदर्शन/समाचार पत्रों में घोषित अवकाश विद्यालयों में भी मान्य होंगे। 7. यदि किसी कारणवश रेडियो/दूरदर्शन/लिखित आदेश द्वारा राज्य में कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए, तो वह भी विद्यालयों में मान्य होगा। 8. यदि किसी वर्ग/कारण विशेष को आधार बनाकर या किसी विशेष दिन का सेक्शनल/रीजनल/स्थानीय अवकाश सरकार द्वारा घोषित किया जाए तो वह अवकाश **सभी** विद्यालयों में लागू नहीं होगा। 9. शिविरा पंचांग एवं राजस्थान सरकार के पंचांग में उल्लेखित समान अवकाश की तिथि में कोई विसंगति हो तो ऐसी स्थिति में राजस्थान सरकार के पंचांग की तिथि को सही मानते हुए इस पंचांग में वैसा ही संशोधन माना जाए। 10. सत्रारम्भ एवं सत्रान्त की संस्था प्रधान वाकपीठ का आयोजन शिविरा पंचांग मे निर्धारित तिथियों में ही करवाया जाना आवश्यक होगा। उक्त तिथियों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा की अनुमति बिना नहीं किया जाएगा।

प्रवेश– 1. कक्षा–1 में प्रवेश के समय निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के अनुसार बालकों की आयु 6 वर्ष निर्धारित है। 2. राज्य सरकार प्रवेश प्रक्रिया हेतु कोई निश्चित तिथि का निर्धारण कर सकती है। फिर भी आर.टी.ई. अधिनियम 2009 के अनुसार बालक का विद्यालय में प्रवेश वर्षपर्यन्त हो सकेगा। 3. राज्य कर्मचारी/माता–पिता/अभिभावक के स्थान परिवर्तन की स्थिति में स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र के आधार पर विद्यार्थी को मध्य सत्र में प्रवेश दिया जाए। 4. यदि किसी परिस्थितिवश बोर्ड द्वारा रोके गये परीक्षा परिणाम विलम्ब से घोषित किये जाते हैं, तो विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम की घोषणा के सात दिवस के भीतर प्रवेश दिया जाए। प्रवेश के समय ही विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाए। 5. सत्र 2014–15 में ड्रॉपआउट एवं अनामांकित बच्चों के लिए संचालित आवासीय/गैर आवासीय विशेष प्रशिक्षण शिविरों के बालक–बालिकाओं को मुख्य धारा में जोड़ना सुनिश्चित करें। संस्था प्रधान प्रतिमाह इनकी ट्रेकिंग कर सूचना प्रेषित करें। 6. चाइल्ड ट्रेकिंग सर्वे में चिह्नित शेष रहे ड्रॉपआउट एवं अनामांकित बालक–बालिकाओं के माता–पिता/अभिभावकों से सम्पर्क कर उनका आयु अनुरूप कक्षा में प्रवेश कराना, उनके विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता का आकलन करना एवं आवश्यकतानुसार **संघनित पाठ्यक्रम के माध्यम से** विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था करना। (एसएसए द्वारा) 7. राजकीय विद्यालयों में नामांकित शिक्षा से वंचित बालक–बालिकाओं को शिविर के निर्धारित मापदण्ड से कम बच्चे होने पर राजकीय शिक्षकों द्वारा संघनित पाठ्यक्रम के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। 8. ड्रॉपआउट एवं अनामांकित विशेष आवश्यकता वाले बालक–बालिकाओं को उनकी आयु के अनुरूप कक्षा में नामांकन पश्चात, विद्यालय में अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले बालक–बालिकाओं का फंक्शनल असेसमेन्ट करवाया जाकर, पात्र बच्चों को सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत निःशुल्क अंग–उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे एवं होमबेस्ड एज्युकेशन से जोड़े गए बच्चों को उनकी आयु के अनुरूप कक्षा में प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा। 9. शिक्षा से वंचित बालक–बालिकाएँ, जो अनामांकित श्रेणी के हैं तथा जिन्हें कक्षा 1 से विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाना है उनके लिए विद्यालय में एक पृथक कक्षा का गठन कर उसे समय विभाग–चक्र में प्रदर्शित कर कालांशवार शिक्षकों को उस कक्षा में भिजवा कर उनको संघनित पाठ्यक्रम के माध्यम से अध्ययन करवाना। 11. विद्यालयों में अध्ययनरत बालक–बालिकाएँ जिनके अभिभावक आजीविका कमाने हेतु पलायन करेंगे इनकी पलायन अवधि के लिये माइग्रेटरी छात्रावास का संचालन किया जाएगा। 12. कंजीबीवी एवं मेवात बालिका आवासीय विद्यालयों/वैकल्पिक शिक्षा प्रकोष्ठ अन्तर्गत संचालित आवासीय विद्यालयों में अनामांकित एवं ड्रापआउट बालक–बालिकाओं को नियमानुसार प्रवेश दिलवाया जाएगा। नोडल प्रधानाध्यापकों की बैठक मे चर्चा कर उनके सहयोग से पश्चिश्त्र के पात्र बालक–बालिकाओं को उक्त विद्यालयो मे प्रवेश करवाया जाएगा। (एसएसए द्वारा)

विद्यालय प्रबंधन समिति–एसएसए द्वारा– ● माह अगस्त से अक्टूबर के दौरान एसएमसी के कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के लिए नोडल विद्यालय स्तर पर दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। ● साधारण सभा की प्रत्येक वर्ष जुलाई से मार्च तक तीन बैठकें अर्थात तीन माह में एक बैठक अनिवार्य होंगी, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर बैठक अध्यक्ष/सदस्य सचिव द्वारा कभी भी बुलाई जा सकती है। ● प्रत्येक माह कार्यकारिणी समिति की एक बार बैठक बुलाना आवश्यक है। जिस माह समुदाय जागृति दिवस आयोजित किया जाएगा उस माह पृथक से एसएससी कार्यकारिणी की बैठक आयोजित करने की अनिवार्यता नहीं होगी।

माध्यमिक शिक्षा के विद्यालयों हेतु– माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में गठित विद्यालय विकास कोष एवं प्रबन्ध समिति (SDMC) तथा विद्यालय प्रबन्धन समिति (SMC) के संबंध में निदेशालय द्वारा प्रसारित आदेश क्रमांक : शिविरा–माध्य/मा/स/22423/2001–02 दिनांक 21 जनवरी 2015 एवं दिनांक 27 फरवरी 2015 के अनुवर्तन में जारी समसंख्यक परिपत्र दिनांक 28 फरवरी 2015 में प्रदत्त निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही सम्पादित की जानी है।

प्रार्थना सभा– प्रार्थना सभा कार्यक्रम हेतु 30 मिनट का समय निर्धारित है, जिसमें की जाने वाली गतिविधियां :– राष्ट्रगीत, प्रार्थना, योगाभ्यास, प्राणायाम, ध्यान, सूर्य नमस्कार, समाचार वाचन, प्रतिज्ञा, राष्ट्रगान आदि है।

विद्यालय प्रबन्धन– विद्यालय की व्यवस्था एवं प्रबन्धन, विद्यालय प्रबन्धन समिति (एस.एम.सी.) द्वारा किया जाएगा। विद्यालय के सुचारु संचालन के लिए सर्व शिक्षा अभियान द्वारा निम्न सुविधाएं प्रदान की जाएगी :–1. एक मुश्त स्कूल ग्रान्ट, जिसमें दैनिक आवश्यकता की वस्तुएं जैसे चॉक, डस्टर, स्टेशनरी, परीक्षा संबंधित कार्य, दरी पट्टी आदि क्रय की जा सकती है। इस राशि में से शौचालय/मूत्रालयों की साफ–सफाई हेतु प्रतिमाह 100 रु. का उपयोग कर इनका उपयुक्त रख–रखाव सुनिश्चित किया जाए (केवल शहरी क्षेत्र के विद्यालयों के लिए)। जिला परियोजना समन्वयक (एसएसए एवं आरएमएसए) द्वारा समस्त ग्रामीण विद्यालयों को रुपये 500 प्रतिमाह की दर से शौचालय/मूत्रालय, पेयजल सुविधा के रखरखाव तथा स्वच्छता हेतु स्वच्छता अनुदान राशि का वितरण किया जाएगा। 2. प्रत्येक विद्यार्थी की शाला स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वास्थ्य जाँच की जाए तथा रिकॉर्ड संधारित किया जाए।

कालांशवार समय विभाजन– प्रतिदिन 08 कालांश में से कालांशवार समय विभाजन चक्र में 06 कालांश 40 मिनट एवं अन्तिम दो कालांश 35 मिनट के होंगे। प्रार्थना सभा हेतु 30 मिनट का समय निर्धारित है। प्रथम दो कालांश पश्चात् 10 मिनट का लघु विश्राम रखा जाएगा। 25 मिनट का मध्यान्तर अवकाश होगा। विद्यार्थियों के शिक्षण हेतु कुल शाला समय 6 घण्टे 15 मिनट होगा। अध्यापक एवं शाला का समस्त स्टाफ विद्यार्थियों के लिए निर्धारित शाला समय से 15 मिनट पूर्व शाला में उपस्थिति देंगे। इस अवधि में शिक्षक शाला के शैक्षिक एवं सहशैक्षिक गतिविधियों एवं अध्ययन–अध्यापन की दैनिक कार्ययोजना तैयार करेंगे।

समय सारिणी– 01 जुलाई–2015 से शिक्षण कार्य प्रारम्भ होने पर एक पारी विद्यालयों हेतु समय सारिणी निम्नानुसार होगी :–

क्र. सं.	विवरण	ग्रीष्मकाल में विद्यालय संचालन हेतु कालांश विभाजन	शीतकाल में विद्यालय संचालन हेतु कालांश विभाजन
1	समयावधि	1 अप्रैल से 30 सितम्बर	1 अक्टूबर से 31 मार्च
2	विद्यालय समय (शिक्षकों हेतु)	7:15 बजे से 01:45 बजे तक (कुल 6:30घंटे)	8:15 बजे से 2:45 बजे तक (कुल 6:30घंटे)
3	विद्यालय समय (विद्यार्थियों हेतु)	7:30 बजे से 01:45 बजे तक (कुल 6:15घंटे)	8:30 बजे से 2:45 बजे तक (कुल 6:15घंटे)
4	प्रार्थना सभा एवं योगाभ्यास	7:30 बजे से 08:00 बजे तक (30 मिनट)	08:30 बजे से 9:00 बजे तक (30 मिनट)
5	प्रथम कालांश	8:00 बजे से 8:40 बजे तक (40 मिनट)	09:00बजे से 09:40 बजे तक (40 मिनट)
6	द्वितीय कालांश	8.40 बजे से 9.20 बजे तक (40 मिनट)	9:40 बजे से 10:20 बजे तक (40 मिनट)
7	लघु विश्राम	9.20 बजे से 9.30 बजे तक (10 मिनट)	10:20 बजे से 10:30 बजे तक (10 मिनट)

शिविरा पंचांग
2015-16

जुलाई, 2015

रवि		5	12	19	26
सोम		6	13	20	27
मंगल		7	14	21	28
बुध	1	8	15	22	29
गुरु	2	9	16	23	30
शुक्र	3	10	17	24	31
शनि	4	11	18	25	

अगस्त, 2015

रवि	30	2	9	16	23
सोम	31	3	10	17	24
मंगल		4	11	18	25
बुध		5	12	19	26
गुरु		6	13	20	27
शुक्र		7	14	21	28
शनि	1	8	15	22	29

सितम्बर, 2015

रवि		6	13	20	27
सोम		7	14	21	28
मंगल	1	8	15	22	29
बुध	2	9	16	23	30
गुरु	3	10	17	24	
शुक्र	4	11	18	25	
शनि	5	12	19	26	

अक्टूबर, 2015

रवि		4	11	18	25
सोम		5	12	19	26
मंगल		6	13	20	27
बुध		7	14	21	28
गुरु	1	8	15	22	29
शुक्र	2	9	16	23	30
शनि	3	10	17	24	31

नवम्बर, 2015

रवि	1	8	15	22	29
सोम	2	9	16	23	30
मंगल	3	10	17	24	
बुध	4	11	18	25	
गुरु	5	12	19	26	
शुक्र	6	13	20	27	
शनि	7	14	21	28	

दिसम्बर, 2015

रवि		6	13	20	27
सोम		7	14	21	28
मंगल	1	8	15	22	29
बुध	2	9	16	23	30
गुरु	3	10	17	24	31
शुक्र	4	11	18	25	
शनि	5	12	19	26	

जुलाई, 2015 ● कार्य दिवस 26, रविवार 04, अवकाश 01, उत्सव 03 ● 1 जुलाई–शिक्षण कार्य प्रारम्भ एवं एक पारी विद्यालय प्रात: 07.15 से दोपहर 01.45 बजे तक एवं दो पारी विद्यालय प्रात: 7.00 से सायं 6.00 बजे तक (प्रत्येक पारी 5.30 घण्टे)। **1–5 जुलाई**–जिला परियोजना समन्वयक (एसएसए एवं आरएमएसए) द्वारा समस्त ग्रामीण विद्यालयों को रुपये 500 प्रतिमाह की दर से शौचालय/मूत्रालय, पेयजल सुविधा के रखरखाव तथा स्वच्छता हेतु। **1 से 10 जुलाई**–पूर्ण दृष्टि बाधित बच्चों को ब्रेल पुस्तकों का एवं लो विजन वाले बच्चों को लार्ज प्रिन्ट की पुस्तकों का वितरण। **3–8 जुलाई**–स्वच्छता अनुदान राशि का वितरण किया जाएगा। गत वर्ष के नामांकित बालक-बालिकाओं के ठहराव का अपडेशन कराना। **1–15 जुलाई**–प्रत्येक विद्यालय में प्रवेशोत्सव (शिक्षा से वंचित बालक-बालिकाओं को विद्यालय से जोड़ना एवं उनकी दक्षता का आकलन कर आवश्यकतानुसार विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध करवाना) / सर्वाधिक आउट ऑफ स्कूल वाले ग्राम पंचायत में केजीबीवी /मेवात बा.आ.वि. एवं आवसीय विद्यालयो में रिक्त सीटों हेतु पुन: मोटिवेशन कैम्प का आयोजन। **8 जुलाई**–शाला स्वास्थ्य कार्यक्रम-जिला स्तरीय संयुक्त तैयारी बैठक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग/पंचायती राज/शिक्षा विभाग)। **8–13 जुलाई**–अभिभावकों एवं शिक्षकों की संयुक्त बैठक का आयोजन एवं बालक-बालिकाओं का नामांकन/शैक्षिक प्रगति हेतु विचार-विमर्श (प्रारम्भिक/माध्यमिक)। **11 जुलाई**–विश्व जनसंख्या दिवस (उत्सव)। **15 जुलाई**–माध्यमिक कक्षाओं के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि। **18 जुलाई**–ईदुलफितर (अवकाश चन्द्र दर्शानुसार)। **19 जुलाई**–शाला स्वास्थ्य कार्यक्रम-ब्लॉक स्तरीय संयुक्त तैयारी बैठक, (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य/पंचायती राज/शिक्षा विभाग) **20 जुलाई**–(एसएसए द्वारा) ट्रांसपोर्ट एवं एस्कार्ट भत्ते हेतु पात्र विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के आवेदन सम्बन्धी संस्था प्रधान द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के ब्लॉक/जिला कार्यालय को भेजने की अन्तिम तिथि। **22 जुलाई**–शाला स्वास्थ्य कार्यक्रम-प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर स्वास्थ्य परीक्षण हेतु तैयारी बैठक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य/पंचायती राज/शिक्षा विभाग के स्थानीय कार्मिकों के साथ)। **23 जुलाई**–लोकमान्य बालगंगाधर तिलक जयन्ती (उत्सव)। **24–25 जुलाई**–सत्रारम्भ की संस्था प्रधान वाकपीठ (प्रा./उ.प्रा./मा./उ.मा.विद्यालय) का आयोजन। **30 जुलाई**–विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों की कक्षावार अद्यतन सूची प्रारम्भिक स्वास्थ्य केन्द्र को स्वास्थ्य परीक्षण हेतु उपलब्ध कराना, संस्था प्रधान द्वारा स्टाफ की बैठक आयोजित कर विद्यालय की शैक्षिक, सहशैक्षिक, भौतिक उन्नयन स्थिति पर विचार-विमर्श कर निर्णय लेना। **31 जुलाई**–गुरु पूर्णिमा (उत्सव), शिक्षक-अभिभावक संघ की बैठक का आयोजन करना। **नोट :-1.** 1 से 31 जुलाई तक सघन नामांकन अभियान एवं VER/WER को अद्यतन कराना। **2.** प्रत्येक माह के अन्तिम सप्ताह मे शैक्षिक स्तर का आकलन किया जाएगा। आगामी माह के प्रथम सप्ताह मे इस सूचना की ब्लॉक स्तर से ऑनलाइन फीडिंग की जाएगी। **3.** विद्यालयों द्वारा वर्षा आरम्भ होते ही वृक्षारोपण का कार्य करना। **4.** 1 से 15 जुलाई के मध्य-प्रीपरेटरी कैम्प (केजीबीवी), मेवात बा.आ.विद्यालय रिक्त रहे स्थानो पर प्रवेश हेतु आयोजन किया जाएगा। **5.** गणित एवं विज्ञान आधारित केआरपी एवं एमटी प्रशिक्षण (एसएसए द्वारा)। **6.** खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत कार्मिकों के व्यावसायिक उन्नयन एवं शारीरिक शिक्षा को बढावा देने, खेलों के विकास हेतु जुलाई के अन्त में दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन। **7.** जुलाई के द्वितीय एवं तृतीय सप्ताह में विशेष आवश्यकता वाले बालक-बालिकाओं हेतु फंक्शनल/मेडिकल असेसमेंट कैम्प का आयोजन। (एसएसए द्वारा)

अगस्त, 2015 ● कार्य दिवस 24, रविवार 05 , अवकाश 02, उत्सव 02 ● 1 अगस्त से–विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच एवं अभिलेख संधारण, सामुदायिक मुखियाओं की एक दिवसीय कार्यशाला ब्लॉक स्तर पर आयोजन। **3–5 अगस्त**–प्रथम परख (सभी कक्षाओं के लिए)। **6–9 अगस्त**–प्रत्येक विद्यालय में बाल संसद का गठन। **15 अगस्त**–स्वतन्त्रता दिवस (अवकाश-उत्सव अनिवार्य)। समुदाय जागृति दिवस (प्रथम) कार्यक्रम का आयोजन (एसएसए द्वारा)। **21–22 अगस्त**–जिला स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन (15 वर्ष छात्र)। **26 अगस्त**–यूडाइस हेतु संकुल/ब्लॉकवार विद्यालयों की सूची तैयार करना (प्रारम्भिक/ माध्यमिक)। **27–29 अगस्त**–राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन। **29 अगस्त**–रक्षा बन्धन (अवकाश) एवं संस्कृत दिवस (उत्सव), ध्यानचन्द जयन्ती पर खेलकूद गतिविधियों का आयोजन। **31 अगस्त**–श्रेष्ठ राजकीय विद्यालय पुरस्कार-2015 के लिए राजकीय माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक-प्रथम) को आवेदन करना। अभिभावकों एवं शिक्षकों की संयुक्त बैठक आयोजित कर प्रथम परख के प्रगति-पत्र विद्यार्थियों/अभिभावकों को वितरण एवं शैक्षिक प्रगति हेतु विचार विमर्श। **प्रा.शिक्षा/मा.शिक्षा–1.** उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों हेतु विज्ञान एवं गणित आधारित प्रशिक्षण (एसएसए द्वारा)। **2.** केजीबीवी/मेवात बालिका आवासीय विद्यालयों में वार्षिक आधारभूत सामग्री, पूरक टीएलएम, स्टेशनरी एवं अन्य शैक्षिक सामग्री का वितरण 6-8 अगस्त के मध्य करना। (एसएसए द्वारा) **3.** सीसीई आधारित कलस्टर स्तरीय बैठकों का आयोजन। (एसएसए द्वारा) **4.** 25 अगस्त तक राज्य स्तर से निर्धारित कालिटी मॉनीटरिंग टूल्स प्रारूप प्रथम समस्त विद्यालय के ऑनलाइन करवाये जाने है। (एसएसए द्वारा) **5.** रमसा द्वारा विद्यालय प्रबन्धन समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण। **6.** 17 अगस्त 2015 से पूर्व प्रथम/द्वितीय/तृतीय समूह की विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता का विद्यालय स्तर पर आयोजन।

सितम्बर, 2015 ● कार्य दिवस 21, रविवार 04, अवकाश 05, उत्सव 06 ● 1–10 सितम्बर–प्रथम एवं द्वितीय समूह (प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा) की विद्यालयी जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता (अधिकतम चार-चार दिवस), केजीबीवी, मेवात बालिका आवासीय विद्यालयों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता (तीन दिवसीय)। **3–4 सितम्बर**–जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन (शिक्षकों-विद्यार्थियों के लिए अवकाश)। **5 सितम्बर**–जन्माष्टमी (अवकाश-उत्सव), शिक्षक दिवस (उत्सव), राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह, राष्ट्रीय शिक्षक कल्याण प्रतिष्ठान के अन्तर्गत शिक्षक दिवस पर झंडियों की बिक्री का शुभारम्भ। **8 सितम्बर**–विश्व साक्षरता दिवस (उत्सव)। **9–11 सितम्बर**–जिला स्तरीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी तथा जनसंख्या शिक्षा मेला, जिला स्तरीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता। **11–16 सितम्बर**–प्रथम समूह राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन (प्रारम्भिक एवं माध्यमिक)। **11–14 सितम्बर**–प्राथमिक विद्यालय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता, साथ में नि:शक्त विद्यार्थियों हेतु खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन। **14 सितम्बर**–हिन्दी दिवस (उत्सव) **18–19 सितम्बर**–राज्य स्तरीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता। **18–20 सितम्बर**–प्राथमिक विद्यालय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता। **19 सितम्बर**–समुदाय जागृति दिवस (द्वितीय) कार्यक्रम का आयोजन (एसएसए द्वारा)। **19–24 सितम्बर**–द्वितीय समूह राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता (प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा)। **23 सितम्बर**–रामदेव जयन्ती/तेजा दशमी (अवकाश-उत्सव), किशोर जागृति दिवस (उत्सव)। **24 सितम्बर**–राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस (जिन विद्यालयों में यह योजना संचालित है)। **25 सितम्बर**–ईदुलजुहा (अवकाश चन्द्र दर्शानुसार)। अन्त्योदय दिवस एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती (एसएसए द्वारा)। **26–29 सितम्बर**–द्वितीय परख (सभी कक्षाओं के लिए)। **30 सितम्बर**–राष्ट्रीय शिक्षक कल्याण प्रतिष्ठान के अन्तर्गत झंडियों की बिक्री से प्राप्त राशि का बैंक ड्राफ्ट सचिव, राष्ट्रीय शिक्षक कल्याण प्रतिष्ठान, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर के नाम से बनाकर प्रेषित करना। इस तिथि तक नि:शक्त विद्यार्थियों की वैयक्तिक शिक्षा योजना भिजवाना, फंक्शनल एसेसमेन्ट केम्पों का आयोजन, चिह्नित शैक्षिक आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की सूची को अंतिम रूप देना एवं प्रेषण। **30 सितम्बर**–'यू-डाइस' प्रपत्र भरने की आधार तिथि। **30 सितम्बर**–श्रेष्ठ राजकीय विद्यालय पुरस्कार-2015 के प्रस्तावों का मूल्यांकन कर जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक-प्रथम) द्वारा मण्डल अधिकारी को प्रेषित करना। **नोट :-1.** सितम्बर के द्वितीय एवं तृतीय सप्ताह में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को अंग उपकरण वितरण करना। (एसएसए द्वारा)। **2.** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर द्वारा विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतियोगिता का ब्लॉक स्तर पर आयोजन।

अक्टूबर, 2015 ● कार्य दिवस 23, रविवार 04, अवकाश 04, उत्सव 02 ● 1 अक्टूबर–समय परिवर्तन, एक पारी विद्यालय 8.15 बजे से 2.45 बजे तक एवं दो पारी विद्यालय प्रात: 7.30 से सायं 5.30 तक (प्रत्येक पारी 5 घण्टे)। **1–15 अक्टूबर**–यू डाइस के प्रपत्रों का भरा जाना, गणित एवं विज्ञान के शिक्षकों हेतु कलस्टर स्तरीय एक दिवसीय बैठकें। (एसएसए द्वारा)। **2 अक्टूबर**–गांधी जयंती व शास्त्री जयंती (उत्सव), मण्डल स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह। **5–8 अक्टूबर**–तृतीय समूह विद्यालयी जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता। **13 अक्टूबर**–नवरात्र स्थापना (अवकाश)। **15–20 अक्टूबर**–तृतीय समूह राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता (माध्यमिक/प्रारम्भिक), केजीबीवी संभागस्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता (तीन दिवसीय)। **15 अक्टूबर**–विश्व हाथ धुलाई दिवस का विद्यालयों में आयोजन। **16–31 अक्टूबर**–केआरपी प्रशिक्षण (नवनियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु) (एसएसए द्वारा)। **17 अक्टूबर**–समुदाय जागृति दिवस (तृतीय) कार्यक्रम का आयोजन (एसएसए द्वारा)। **21 अक्टूबर**–दुर्गाष्टमी (अवकाश)। **22 अक्टूबर**–विजयादशमी (अवकाश)। **24 अक्टूबर**–नोहर्रम (अवकाश चन्द्र दर्शानुसार), संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस (उत्सव)। **26–27 अक्टूबर**–तहसील स्तरीय शिक्षक खेलकूद प्रतियोगिता। **31 अक्टूबर**–इन्दिरा गांधी पुण्य तिथि (संकल्प दिवस), संस्था प्रधान द्वारा स्टाफ की बैठक लेकर विद्यालय के शैक्षिक एवं सहशैक्षिक भौतिक उन्नयन पर विचार-विमर्श कर निर्णय लेना। शिक्षक-अभिभावक संघ की बैठक आयोजित करना एवं विद्यालय विकास योजना का निर्माण करना। श्रेष्ठ राजकीय विद्यालय पुरस्कार-2015 के प्रस्तावों की समीक्षा कर मण्डल अधिकारी द्वारा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा को भेजना। **नोट :-** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर द्वारा शिक्षकों के व्यावसायिक कौशल उन्नयन की जिला स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन।

नवम्बर, 2015 ● कार्य दिवस 12, रविवार 05, अवकाश 13, उत्सव 04 ● 2 नवम्बर–बाल समारोह का आयोजन। **2–3 नवम्बर**–जिला स्तरीय शिक्षक खेलकूद प्रतियोगिता। **4–5 नवम्बर**–राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन (शिक्षकों-विद्यार्थियों के लिए अवकाश)। **6–17 नवम्बर**–मध्यावधि अवकाश, एज्युकेशनल वॉलिन्टियर्स (ईवीएस) का 07 दिवसीय प्रशिक्षण (एसएसए द्वारा)। **11 नवम्बर**–दीपावली (अवकाश), राष्ट्रीय शिक्षा दिवस (उत्सव)। **12 नवम्बर**–गोवर्धन पूजा (अवकाश)। **13 नवम्बर**–भैया दूज (अवकाश)। **14 नवम्बर**–बाल दिवस (उत्सव)। **18–21 नवम्बर**–केजीबीवी राज्य स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन (तीन दिवसीय) (एसएसए द्वारा)। **19–23 नवम्बर**–विशेष आवश्यकता वाले बालक बालिकाओं को अंग उपकरण वितरण। **19–25 नवम्बर**–कौमी एकता सप्ताह का आयोजन। **22 नवम्बर**–NMMS परीक्षा-2016 का आयोजन। **23 नवम्बर**–कालिदास जयन्ती (उत्सव)। **23–25 नवम्बर**–केजीबीवी एवं मेवात बालिका आवासीय विद्यालयों में शेष रही आधारभूत सामग्री, पूरक टीएलएम, स्टेशनरी एवं अन्य शैक्षिक सामग्री का वितरण (एसएसए द्वारा)। **25 नवम्बर**–गुरु नानक जयन्ती (अवकाश-उत्सव)। **26 नवम्बर से 8 दिसम्बर**–अर्द्धवार्षिक परीक्षा (सभी कक्षाओं के लिए)। **30 नवम्बर**–विद्यालय सुविधा अनुदान के उपयोगिता प्रमाण-पत्रों का प्रेषण (प्रारम्भिक शिक्षा)। **नोट–1.** विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिताएं/एस.यू.पी.डब्ल्यू शिविर/वार्षिक उत्सव 30 नवम्बर तक अनिवार्यत: सम्पन्न किए जाए। **2.** उप्रावि विद्यालयों के गणित एवं विज्ञान का विषय अध्यापन कराने वाले शिक्षकों की कलस्टर स्तरीय एक दिवसीय बैठकें। (एसएसए द्वारा)। **3.** एमटी प्रशिक्षण (नवनियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षणों हेतु) (एसएसए द्वारा)। **4.** केआरपी प्रशिक्षण (प्रधानाध्यापक प्रशिक्षण हेतु) (एसएसए द्वारा)। **5.** अभिभावकों/शिक्षकों की नवम्बर के द्वितीय सप्ताह में संयुक्त बैठक आयोजित कर द्वितीय परख के प्रगति पत्र विद्यार्थियों/अभिभावकों को वितरण एवं शैक्षिक प्रगति हेतु विचार विमर्श। **6.** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन: (अ) राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा, (ब) राज्य प्रतिभा खोज परीक्षा, (स) राज्य विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा।

दिसम्बर, 2015 ● कार्य दिवस 20, रविवार 04, अवकाश 07, उत्सव 02 ● 1 दिसम्बर–विश्व एड्स दिवस, विश्व एकता दिवस (उत्सव)। **1–15 दिसम्बर**–सीसीई एवं विज्ञान-गणित आधारित कलस्टर स्तरीय बैठकें (एसएसए द्वारा)। **3 दिसम्बर**–विश्व विकलांगता दिवस का आयोजन (समावेशित शिक्षा के उन्नयन हेतु)। **9–18 दिसम्बर**–ग्राम स्तर पर शैक्षिक योजना निर्माण हेतु कार्यशाला का आयोजन। **10 दिसम्बर**–मानव अधिकार दिवस (उत्सव)। **10–11 दिसम्बर**–राज्य स्तरीय मंत्रालयिक कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता हेतु जिला स्तर पर चयन। **14–15 दिसम्बर**–जिला स्तरीय 'जीवन कौशल विकास' बाल मेले का आयोजन (उच्च प्राथमिक विद्यालयों हेतु)। **14–21 दिसम्बर**–राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आयोजन। **16–17 दिसम्बर**–राज्य स्तरीय मंत्रालयिक कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता हेतु मण्डल स्तर पर चयन एवं दल गठन। **16–18 दिसम्बर**–बाह्य अकादमिक मॉनीटरिंग कार्यक्रम (प्रथम) का आयोजन। (एसएसए द्वारा)। **16–19 दिसम्बर**–राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी तथा जनसंख्या शिक्षा मेला। **19 दिसम्बर**–भामाशाह योजना का अर्द्धवार्षिक प्रगति प्रतिवेदन निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर को प्रेषित करना। **19–23 दिसम्बर**–राज्य स्तरीय मंत्रालयिक कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता हेतु मण्डल स्तर पर प्रशिक्षण शिविर। **24 दिसम्बर**–ईद मिलादुन्नबी (बारावफात) (अवकाश चन्द्र दर्शानुसार)। **24 दिसम्बर से 10 जनवरी, 2016**–शीतकालीन अवकाश (25 दिसम्बर को क्रिसमस डे), राज्य कर्मचारियों के हितकारी निधि के वार्षिक अंशदान को दिसम्बर के वेतन से निर्धारित दर पर कटौती की कार्यवाही करना। **26–31 दिसम्बर**–नवनियुक्त शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर द्वारा व्यक्तित्व उन्नयन एवं कौशल विकास शिविर का आयोजन। **27–30 दिसम्बर**–राज्य स्तरीय मंत्रालयिक कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन। **28–29 दिसम्बर**–राज्य स्तरीय शिक्षक खेलकूद प्रतियोगिता हेतु प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन। **30 दिसम्बर से 01 जनवरी, 2016**–राज्य स्तरीय शिक्षक खेलकूद प्रतियोगिता। **नोट**–शीतकालीन अवकाश के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना (+2 स्तर) के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जनवरी, 2016 ● कार्य दिवस 16, रविवार 05, अवकाश 10, उत्सव 05 ● 1–10 जनवरी–शीतकालीन अवकाश, प्रधानाध्यापक प्रशिक्षण (न्यूपा मॉडल आधारित), **12 जनवरी**–स्वामी विवेकानन्द जयन्ती (राष्ट्रीय युवा दिवस-उत्सव), कैरियर डे का आयोजन (माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय), **13–15 जनवरी**–तृतीय परख (सभी कक्षाओं के लिए), **14–31 जनवरी**–जीव जन्तु संरक्षण पखवाड़े का आयोजन। **15 जनवरी**–मकर संक्रान्ति (उत्सव)। **15–31 जनवरी**–15 से 31 जनवरी के मध्य कलस्टर स्तरीय एक दिवसीय बैठक (विज्ञान एवं गणित शिक्षकों हेतु) (एसएसए द्वारा)। **16 जनवरी**–गुरु गोविन्द सिंह जयन्ती (अवकाश-उत्सव)। **20–22 जनवरी**–विद्यार्थियों की द्वितीय स्वास्थ्य जांच एवं अभिलेख संधारण। **23 जनवरी**–सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती, देश प्रेम दिवस (उत्सव), समुदाय जागृति दिवस (चतुर्थ) कार्यक्रम का आयोजन (एसएसए द्वारा)। **26 जनवरी**–गणतंत्र दिवस (अवकाश-उत्सव अनिवार्य)। **30 जनवरी**–शहीद दिवस (प्रात: 11.00 बजे दो मिनट का मौन), संस्था प्रधान द्वारा स्टाफ की बैठक लेकर परीक्षा परिणाम उन्नयन की कार्य योजना बनाना। **नोट**–माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर द्वारा–**1.** शिक्षकों के व्यावसायिक कौशल उन्नयन की राज्य स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन। **2.** विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतियोगिता का जिला स्तर पर आयोजन।

फरवरी, 2015 ● कार्य दिवस 25, रविवार 04, अवकाश 0, उत्सव 02 ● 1–15 फरवरी–सीसीई आधारित कलस्टर स्तरीय बैठकें (एसएसए द्वारा)। **4–6 फरवरी**–राज्य स्तरीय 'जीवन कौशल विकास' बाल मेले का आयोजन (उच्च प्राथमिक विद्यालयों हेतु)। **10 फरवरी**–राष्ट्रीय डिवार्मिंग डे (विद्यार्थियो को डिवार्मिंग गोली का वितरण) (एसएसए द्वारा)। **12 फरवरी**–बसन्त पंचमी/सरस्वती जयन्ती (उत्सव), गार्गी पुरस्कार समारोह, बालिका दिवस आयोजन। **13 फरवरी**–अभिभावकों एवं शिक्षकों की संयुक्त बैठक आयोजित कर तृतीय परख के प्रगति पत्र का विद्यार्थियों/अभिभावकों को वितरण एवं शैक्षिक प्रगति हेतु विचार-विमर्श। समुदाय जागृति दिवस (पंचम) कार्यक्रम का आयोजन (एसएसए द्वारा)। **19–20 फरवरी**–सत्रान्त की संस्था प्रधान वाकपीठ (प्रावि/उप्रावि/माविं/उमावि) का आयोजन। **28 फरवरी**–राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (उत्सव)। **नोट–1.** माह के अन्त में निर्माण कार्यो व अन्य गतिविधियों के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रेषित करना। **2.** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर द्वारा आयोज्य कक्षा 10 एवं 12 की परीक्षा में प्रविष्ट होने वाले विद्यार्थियों हेतु 14 दिवस का परीक्षा पूर्व तैयारी अवकाश रहेगा।

मार्च, 2016 ● कार्य दिवस 23, रविवार 04, अवकाश 04, उत्सव 04 ● 2–4 मार्च–बाह्य अकादमिक मॉनीटरिंग कार्यक्रम (द्वितीय) का आयोजन। (एसएसए द्वारा)। **1–22 मार्च**–वार्षिक परीक्षा कक्षा-01 से 09 व 11 (द्वितीय पारी में, परीक्षा आयोजन का समय-दोपहर 2.00 बजे से सायं 5.15 बजे तक)। **4 मार्च**–स्वामी दयानन्द जयन्ती (उत्सव)। **7 मार्च**–महा शिवरात्रि (अवकाश-उत्सव)। **15 मार्च**–विश्व उपभोक्ता दिवस (उत्सव)। **23 मार्च**–होलिका दहन (अवकाश)। **24 मार्च**–धुलण्डी (अवकाश)। **25 मार्च**–गुडफ्राइडे (अवकाश)। **30 मार्च**–राजस्थान दिवस (उत्सव)। **31 मार्च**–सभी कक्षाओं के परीक्षा परिणामों की घोषणा तथा परीक्षा परिणामों की प्रति संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी को समीक्षा हेतु प्रेषित करना। संस्था प्रधान द्वारा स्टाफ की बैठक लेकर सत्रपर्यन्त हुए कार्यो की समीक्षा करना एवं आगामी सत्र की विद्यालय योजना हेतु विचार-विमर्श कर निर्णय लेना तथा योजना संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करना। भामाशाह योजना का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर को प्रेषित करना। नि:शक्त विद्यार्थियों हेतु केन्द्र प्रायोजित समावेशित शिक्षा योजना संबंधी व्यय, बचत एवं लाभान्वित विद्यार्थियों की सूचना जिशिअ (माध्यमिक) को प्रेषित करना। **नोट**–परीक्षा परिणामों की घोषणा के पश्चात विद्यालय परिपत्रे में शिक्षा से वंचित बालक-बालिकाओं का चिह्निकरण करना एवं चिह्नित बालक-बालिकाओं का पत्रज भरकर उन्हें ऑनलाइन एन्ट्री करवाना। प्रशिक्षकों (केआरपी, आरपी) के प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे।

अप्रैल, 2016 ● कार्य दिवस 22, रविवार 04, अवकाश 04, उत्सव 04 ● 1 अप्रैल–नवीन सत्र प्रारम्भ : 2016-17 की प्रवेश प्रक्रिया एवं शिक्षण कार्य आरम्भ, सभी कक्षाओं में परीक्षार्थियों को आगामी कक्षा में प्रवेश देय, परन्तु कक्षा 10 में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण तथा कक्षा 12 में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों को परीक्षा परिणाम घोषणा के सात दिवस में अथवा 07 जुलाई, 2016 जो भी बाद में हो, के अनुसार प्रवेश देय तथा विद्यालय समय-दो पारी विद्यालय प्रात: 07 से सायं 06 बजे तक (प्रत्येक पारी 5.30 घंटे), एक पारी विद्यालय प्रात: 07.15 से 01.45 बजे तक। **8 अप्रैल**–चेटीचण्ड (अवकाश-उत्सव), **14 अप्रैल**–डॉ. बी.आर. अम्बेडकर जयन्ती (अवकाश-उत्सव)। **15 अप्रैल**–रामनवमी (अवकाश-उत्सव), **15 से 30 अप्रैल**–संदर्भ व्यक्तियों के प्रशिक्षण (एसएसए द्वारा)। **19 अप्रैल**–महावीर जयन्ती, अहिंसा दिवस (अवकाश-उत्सव)। **27–29 अप्रैल**–पूरक परीक्षा कक्षा 09 व 11 हेतु। **30 अप्रैल**–पूरक परीक्षा परिणाम की घोषणा एवं प्रगति पत्र का वितरण।

मई, 2016 ● कार्य दिवस 10, रविवार 05, अवकाश 16, उत्सव 01 ● 7 मई–रवीन्द्र नाथ टैगोर जयन्ती (उत्सव)। **12 मई**–सत्रान्त की शिक्षक-अभिभावक परिषद् की बैठक का आयोजन। **13 मई से 21 जून**–ग्रीष्मावकाश। **नोट–1.** संस्था प्रधान ग्रीष्मावकाश में मुख्यालय से बाहर हो, तो वह विद्यार्थियों को टी.सी. जारी करने हेतु मुख्यालय पर रहने वाले वरिष्ठतम शिक्षक को टी.सी. पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत करावें तथा इसका अनुमोदन संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी से कराकर संबंधित को पाबन्द करें, ताकि विद्यार्थियों को टी.सी. प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो। **2.** सेवारत शिक्षक प्रशिक्षणों का आयोजन। **3.** राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा-द्वितीय स्तर (एनसीईआरटी, नई दिल्ली द्वारा) का आयोजन। **4.** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर द्वारा विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतियोगिता का राज्य स्तर पर आयोजन।

जून, 2016 ● कार्य दिवस 08, रविवार 04, अवकाश 18, उत्सव 03 ● 1–21 जून–ग्रीष्मावकाश। **7 जून**–महाराणा प्रताप जयन्ती (अवकाश उत्सव)। **21 जून**–अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस (संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित)। **22 जून**–शिक्षण कार्य पुन: आरम्भ, विद्यालय समय-दो पारी विद्यालय प्रात: 07 से सायं 06 बजे तक (प्रत्येक पारी 5.30 घंटे), एक पारी विद्यालय प्रात: 07.15 से 01.45 बजे तक। **28 जून**–भामाशाह जयन्ती (राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह)। **नोट**– सेवारत शिक्षक प्रशिक्षणों का आयोजन।

© सर्वाधिकार निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर के पास सुरक्षित है।

जनवरी, 2016

रवि	31	3	10	17	24
सोम		4	11	18	25
मंगल		5	12	19	26
बुध		6	13	20	27
गुरु		7	14	21	28
शुक्र	1	8	15	22	29
शनि	2	9	16	23	30

फरवरी, 2016

रवि		7	14	21	28
सोम	1	8	15	22	29
मंगल	2	9	16	23	
बुध	3	10	17	24	
गुरु	4	11	18	25	
शुक्र	5	12	19	26	
शनि	6	13	20	27	

मार्च, 2016

रवि		6	13	20	27
सोम		7	14	21	28
मंगल